Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 10

Total No. of Questions : 23

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड (12वीं) वार्षिक परीक्षा 2025-26

**विषय कोड : 1230**

## हिंदी (ऐच्छिक)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

निर्देश : (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके लिए 1×40=40 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्र. 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्र. 21 एवं 22 प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्र. 23 के लिए (7+3=10) अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा लगभग 200 शब्द है।

1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×8=8

(i) प्रयोगवाद के जनक माने जाते हैं –

(अ) नवीन (ब) निराला

(स) अज्ञेय (द) दुष्यंतकुमार

(*ii*) 'बादलराग' कविता में कुल खण्ड हैं –

(अ) चार (ब) बीस

(स) छः (द) दस

(*iii*) आश्रय की बाह्य शारीरिक चेष्टाएँ कहलाती हैं –

(अ) अनुभाव (ब) विभाव

(स) संचारी भाव (द) स्थायी भाव

(*iv*) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्त्व कहलाते हैं –

(अ) छन्द (ब) रस

(स) अलंकार (द) मुक्तक

(*v*) 'काले मेघा पानी दे' रचना है –

(अ) यात्रा-वृत्तांत (ब) संस्मरण

(स) रेखाचित्र (द) रिपोर्ताज

(*vi*) 'सुबह-सबेरे' शब्द युग्म है –

(अ) समानार्थक (ब) पुनरुक्त

(स) विपरीतार्थी (द) निरर्थक

(*vii*) 'जूझ' कहानी का हिंदी अनुवाद क्या है ?

(अ) ओम थानवी ने (ब) केशव प्रथमवीर ने

(स) मनोहर श्याम जोशी ने (द) ऐनी फ्रेंक ने

(*viii*) भारत में पहला छापाखाना गोवा में खुला –

(अ) सन् 1760 में (ब) सन् 1880 में

(स) सन् 1596 में (द) सन् 1556 में

2. रिक्त स्थानों में सही शब्द का चयन कर लिखिए : 1×8=8

(*i*) दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज .................... है। (पतंग/धागा)

(*ii*) कोमल वर्णों का प्रयोग .................... शब्दगुण की विशेषता है। (ओज/माधुर्य)

(*iii*) जिस रचना का रसास्वादन मात्र सुनकर किया जाए, उसे ................. काव्य कहते हैं। (दृश्य/श्रव्य)

(*iv*) भक्तिन का वास्तविक नाम ...................... था। (लक्ष्मी/सरस्वती)

(*v*) लेखक स्वयं के जीवन का विवरण ...................... में देता है। (जीवनी/आत्मकथा)

(*vi*) अर्थ के आधार पर वाक्य के ...................... भेद होते हैं। (तीन/आठ)

(*vii*) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ ................... विधा में लिखा गया है। (संस्मरण/यात्रावृत्तांत)

(*viii*) ................... पृष्ठ को अखबार की आवाज़ माना जाता है। (सम्पादकीय/अंतिम)

3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य/असत्य लिखिए – 1×8=8

(*i*) 'बगुले के पंख' कविता में नभ में पतंगें छाई हुईं हैं।

(*ii*) सवैया छंद का अन्य नाम चन्द्रकला भी है।

(*iii*) शिरीष की डालें मजबूत होती हैं।

(iv) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के लेखक फणीश्वरनाथ रेणु हैं।

(v) 'नाभिक' क्षेत्रीय शब्द है।

(vi) किशनदा का वास्तविक नाम कृष्ण किशोर था।

(vii) लोकोक्ति और मुहावरा दोनों एक ही हैं।

(viii) निरक्षरों के लिए मुद्रित माध्यम बहुत उपयोगी है।

4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए : 1×8=8

| | स्तम्भ 'अ' | | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|---|---|
| (i) | हालावाद | (क) | 'रामचरितमानस' |
| (ii) | महाकाव्य | (ख) | हरिवंशराय बच्चन |
| (iii) | कालजयी अवधूत | (ग) | इंट्रो |
| (iv) | पढ़ाई-लिखाई | (घ) | शिरीष का फूल |
| (v) | अभिधा शब्द-शक्ति | (ङ) | सजातीय शब्द-युग्म |
| (vi) | जूझ | (च) | वाच्यार्थ |
| (vii) | अतीत में दबे पाँव | (छ) | आत्मकथात्मक उपन्यास |
| (viii) | समाचार का प्रारंभिक अंश | (ज) | ओम थानवी |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 1×8=8

(i) 'छोटा मेरा खेत' कविता में कवि ने किस खेत की बात की है ?

(ii) 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' परिभाषा किसने दी ?

(iii) हिंदी साहित्य में उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?

(iv) 'दोनों हाथ लड्डू होना' मुहावरे का अर्थ लिखिये।

(*v*) आनंद यादव का मन किस बात के लिए तड़पता था ?

(*vi*) 'मुअनजो-दड़ो' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(*vii*) समाचार-लेखन के कितने प्रकार हैं ?

(*viii*) हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र कौनसा है ?

6. प्रयोगवाद की **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिये। 2

**अथवा**

छायावाद की **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिये।

7. भाषा में सहूलियत बरतने से क्या अभिप्राय है ? 2

**अथवा**

शीतल वाणी में आग होने से क्या अभिप्राय है ?

8. महाकाव्य और खण्डकाव्य में **दो** प्रमुख अंतर लिखिये। 2

**अथवा**

स्थायी भाव और संचारी भाव में **दो** प्रमुख अंतर लिखिये।

9. सांगरूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

**अथवा**

सोरठा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये।

10. आत्मकथा विधा की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिये। 2

**अथवा**

कहानी विधा की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिये।

11. मनुष्य की क्षमता किन **तीन** बातों पर निर्भर करती है ? 2

**अथवा**

सेवाभाव में भक्तिन की तुलना किससे और क्यों की गई है ?

12. निपात शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिये। 2

**अथवा**

राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा में **दो** अंतर लिखिये।

13. दिए गए वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित करके लिखिये : 2

(*i*) दिनेश अच्छा वाहनचालक नहीं है। (विधिवाचक वाक्य)

(*ii*) मुझे तुम से कुछ कहना है। (निषेधवाचक वाक्य)

**अथवा**

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिये :

(*i*) उसने अपनी स्वयं की माताजी के चरण स्पर्श किये।

(*ii*) शीला ने रोटी बनाया।

14. सिल्वर वैडिंग पाठ के अनुसार यशोधर बाबू की **दो** विशेषताएँ लिखिये। 2

**अथवा**

सिंधु घाटी सभ्यता की **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिये।

15. मुद्रित माध्यम में लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य कोई **दो** बातें लिखिये। 2

**अथवा**

पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ? लिखिये।

16. रघुवीर सहाय **अथवा** कुँवर नारायण के साहित्य की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिये : 4

(*i*) **दो** रचनाएँ

(*ii*) भावपक्ष

(*iii*) कलापक्ष

(*iv*) साहित्य में स्थान।

17. महादेवी वर्मा **अथवा** धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिये : 4

(*i*) **दो** रचनाएँ

(*ii*) भाषा

(*iii*) शैली

(*iv*) साहित्य में स्थान।

18. भाव पल्लवित कर लिखिये – 'भगवान के घर देर है अंधेर नहीं।' 4

**अथवा**

'जल संरक्षण' पर दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिये।

19. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग एवं काव्य-सौन्दर्य सहित भावार्थ लिखिए : 4

खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि,
बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।
जीविका विहीन लोग सीद्यमान सोच बस,
कहैं एक एकन सों, 'कहाँ जाई, का करी ?

अथवा

पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं

अपने रंध्रों के सहारे

अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से

और बच जाते हैं तब तो

और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं

पृथ्वी और भी तेज घूमती हुई आती है

उनके बैचेन पैरों के पास।

20. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिये : 4

वह मन पूर्ण कब है ? हम में पूर्णता होती तो परमात्मा से अभिन्न हम महाशून्य ही न होते ? अपूर्ण हैं, इसी से हम हैं। सच्चा ज्ञान सदा इसी अपूर्णता के बोध को हममें गहरा करता है। सच्चा कर्म सदा इस अपूर्णता की स्वीकृति के साथ होता है।

अथवा

शिरीष एक अवधूत है। दुःख हो गया सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना न मांधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हज़रत न जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज के आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पतिशास्त्री ने मुझे बताया हैं कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमण्डल से अपना रस खींचता है।

21. निम्नलिखित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये : 2+1+2=5

तुम हो धरती के पुत्र न हिम्मत हारो,

श्रम की पूँजी से अपना काज सँवारो।

श्रम की सीपी में ही वैभव पलता है,

तब स्वाभिमान का दीप स्वयं जलता है।

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(*ii*) श्रम की सीपी में क्या पलता है ?

(*iii*) उपर्युक्त काव्यांश का संक्षिप्त भावार्थ लिखिए।

**अथवा**

नई पीढ़ी और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण सम्बन्ध है। नई पीढ़ी समाज की रीढ़ होती है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे समाज के भविष्य के निर्माता होते हैं। नई पीढ़ी के पास नए विचार, नई सोच और नई ऊर्जा होती है; जो समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) समाज के विकास में किसकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है ?

(*iii*) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

22. ध्वनि-विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु भिंड जिले के जिलाधीश महोदय को एक पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने मित्र संजय को अपनी बड़ी बहन हर्षिता की शादी में आमंत्रित करने हेतु एक पत्र लिखिये।

23. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर रूपरेखा सहित निबन्ध लिखिए : 7

(*i*) स्वच्छता अभियान

(*ii*) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निदान

(*iii*) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(*iv*) जल संरक्षण

(*v*) मेरी प्रिय पुस्तक।

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय की रूपरेखा लिखिये : 3

(*i*) विज्ञान से हमारी अपेक्षा

(*ii*) राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका

(*iii*) जीवन में खेलों का महत्व

(*iv*) मेरे सपनों का भारत।